http://amritkalashtimes.com

अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 26

प्रयागराज गुरुवार 10 अक्टूबर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रूपया

चौधर की सियासत को अलविदा

● चेहरे पर दांव कामयाब, बांगड़ की चौधर खत्म कर रोहतक लाए थे हुड्डा



रोहतक,(एजेंसी)। हरियाणा के मतदाताओं ने चौधर की सियासत को अलविदा कह दिया है। नतीजों से नई सियासत का आगाज हो गया है। रोहतक की चौधर 2005 में हुड्डा के सीएम बनने पर चर्चा में आई थी। चौधर की बिसात पर लोगों को गोलबंद करने की सियासत को इस विधानसभा चुनाव में हरियाणा के मतदाताओं ने अलविदा कह दिया है। इसकी जगह वोटर को स्वीकार्य चेहरे पर दांव लगाने की नई सियासत का आगाज हो गया है। खास यह है कि समाज में कुछ बदलाव लाने की क्षमता दिखाने वाले ज्यादातर युवाओं को अपना नेता चुनकर लोगों ने कई सियासी दिग्गजों को बड़ा संदेश भी दिया है। करीब छह माह पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को पांच सीटों पर जीत मिली थी। इसमें रोहतक से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा की बड़ी जीत हुई थी। हुड्डा के नजदीकी नेता हिसार, सोनीपत और अंबाला से सीट से जीते थे। तब हुड्डा खेमे की ओर 10 साल बाद हरियाणा की चौधर रोहतक वापस लाने का नारा बुलंद किया गया था। फिर विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ इसी चौधर के नाम पर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया गया। हालांकि खुद हुड्डा रोहतक की चौधर जैसे जुमलों से बचते रहे और हर रैली में 36 बिरादरी को साथ होने का दावा करते रहे। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के सारे नेताओं ने डबल इंजन की सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के काम करने के तरीके को सामने रखकर चुनाव लड़ा। कार्यकर्ताओं में नीचे तक यह संदेश दिया गया कि रोहतक समेत किसी क्षेत्र विशेष को न टारगेट किया जाए और न चौधर जैसे शब्दों का प्रयोग न किया जाए। मंगलवार को आए विधानसभा चुनाव के परिणाम में भाजपा को राज्य के सभी क्षेत्रों में जिस तरह सफलता मिली है, उससे किसी क्षेत्र विशेष की चौधर की सियासत की एक तरह से विदाई हो गई है। बांगड़ की चौधर खत्म कर रोहतक लाए थे हुड्डा हरियाणा की राजनीति के मूल में 'चौधर' समाया रहा है।

कांग्रेस पर फिर बरसे पीएम मोदी, हिंदूओं को बांटने का लगाया आरोप, बोले....

उसे न विकास से मतलब, न विरासत से

● हमेशा बांटो और सत्ता पाओ के फॉर्मूले पर चली कांग्रेस, हरियाणा के परिणाम को लेकर पीएम मोदी का हमला



मुंबई,(एजेंसी)। उन्होंने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था, लेकिन कांग्रेस की सारी साजिशें ध्वस्त हो गईं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेज का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय कौशल संस्थान और विद्या समीक्षा केंद्र का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के उन्नयन और शिरडी हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने हरियाणा चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर वोटबैंक की राजनीति करने और समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था, लेकिन कांग्रेस की सारी साजिशें ध्वस्त हो गईं। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की, लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को बांटना चाहती है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस, हमेशा बांटो और सत्ता पाओ के फॉर्मूले पर चली है। कांग्रेस ने बार–बार ये सिद्ध किया है कि वो एक गैर–जिम्मेदार दल है। वो अभी भी देश को बांटने के लिए नए–नए नरैटिव गढ़ रही है। कांग्रेस समाज को बांटने का फार्मूला लाती रहती है। कांग्रेस का फार्मूला साफ है कि मुसलमानों को डराते रहो, उनको भय दिखाओ, उनको वोटबैंक में कन्वर्ट करो और वोटबैंक को मजबूत करों। महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात उन्होंने कहा कि आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है।

मैं हरियाणा के परिणामों से हैरान हूं: रॉबर्ट वाड्रा

नई दिल्ली,(एजेंसी)। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि श्महिला पहलवानों, किसानों और हरियाणा के लोगों के साथ मेरे जो अनुभव हैं, हम सभी परिणामों से आश्चर्यचकित हैं। मैं यही कहूंगा कि लोगों ने जिसे भी चुना है, अब उन्हें राज्य के विकास की ओर देखना चाहिए।श हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली हार को कांग्रेस पार्टी और इसके नेता पचा नहीं पा रहे हैं। अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने भी हरियाणा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली हार पर हैरानी जताई है। हालांकि उन्होंने चुनाव नतीजों को स्वीकार करते हुए कहा कि अब जनता ने जिसे भी चुना है, उन्हें राज्य के विकास की ओर देखना चाहिए। हरियाणा चुनाव के नतीजों पर जताई हैरानी रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि श्महिला पहलवानों, किसानों और हरियाणा के लोगों के साथ मेरे जो अनुभव हैं, हम सभी परिणामों से आश्चर्यचकित हैं। मैं यही कहूंगा कि लोगों ने जिसे भी चुना है, अब हमें राज्य के विकास की ओर देखना चाहिए।श वाड्रा ने कहा कि श्वे (भाजपा) राजनीति में मेरे नाम का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन मुद्दों पर बात नहीं करते हैं। खट्टर सरकार ने ही दो बार मुझे क्लीन चिट दी थी। अब चूंकि भाजपा सरकार तीसरी बार सत्ता में आई है तो उन्हें लोगों की परेशानी की तरफ ध्यान देना चाहिए।



हरियाणा के परिणाम अप्रत्याशितः राहुल

● राहुल बोले- जम्मू-कश्मीर के लोगों का शुक्रिया, हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे

नई दिल्ली,(एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा ने न सिर्फ सारे एग्जिट पोल्स को झूठा साबित कर दिया, बल्कि अपने विरोधियों को भी चौंका दिया है। इसके बाद से ही कांग्रेस अपने साथियों के निशाने पर है। हालांकि, कांग्रेस इन नतीजों को मानने के लिए तैयार नहीं है। उसने नतीजों में गड़बड़ी को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत भी की है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के परिणामों पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया। प्रदेश में प्छक्प्। की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। राहुल ने हरियाणा में मिली करारी हार पर कहा कि हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा कि हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे। दरअसल, हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा ने न सिर्फ सारे एग्जिट पोल्स को झूठा साबित कर दिया, बल्कि अपने विरोधियों को भी चौंका दिया है। इसके बाद से ही कांग्रेस अपने साथियों के निशाने पर है। हालांकि, कांग्रेस इन नतीजों को मानने के लिए तैयार नहीं है। उसने नतीजों में गड़बड़ी को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत भी की है। कैसे रहे हरियाणा के चुनावी नतीजे? हरियाणा में 48 सीट जीतकर भाजपा सत्ता बरकरार रखने और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार है। कांग्रेस को 37 सीट पर जीत मिली है। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने दो सीटें जीतीं, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को तीन सीट मिलीं। जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों को चुनावों में कोई सफलता नहीं मिली। जम्मू–कश्मीर के परिणाम जम्मू–कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने बाद पहली बार कराए गए विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस–कांग्रेस गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन 90 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीट के साथ सरकार बनाने को तैयार है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 51 सीट पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से 42 पर उसे जीत मिली है, जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस ने 32 सीट पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से छह उसके खाते में गईं हैं।उन्होंने आगे कहा कि हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

नेता–पत्रकार किसी को नहीं छोड़ेंगे लालू यादव के बेटे तेजस्वी, किस बात पर इतना भड़क उठे

पटना,(एजेंसी)। तेजस्वी यादव ने स्पष्ट कहा है कि भाजपा उनकी छवि धूमिल करना चाहती है और जनता उनके साथ है। मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनाद हैं। बिहार में 5 देशरत्न मार्ग स्थित बंगला को लेकर छिड़ी सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। भारतीय जनता पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष पर जो गंभीर आरोप लगाए थे, अब वह मामला तूल पकड़ चुका है। पहले राष्ट्रीय जनता दल ने इन आरोपी को खारिज किया था। अब तेजस्वी यादव ने इसपर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। इतना ही नहीं तेजस्वी यादव ने यहां तक कह दिया कि जिन जिन लोगों के मेरे ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं, उनको मैं लीगल नोटिस भेजूंगा। चाहे वो नेता हो या पत्रकार, किसी नहीं छोडूंगा। ईडी या सीबीआई से जांच करवा ले भाजपा सरकारी बंगले से सामान ले जाने ने सवाल पर तेजस्वी यादव ने स्पष्ट कहा है कि भाजपा उनकी छवि धूमिल करना चाहती है और जनता उनके साथ है। मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनाद हैं। मैं तो कहता हूं कि भाजपा इसकी जांच ईडी और सीबीआई से करवा लें। मेरे पास सारे वीडियो और सबूत हैं। भाजपा ने लगाया था यह आरोप बता दें कि दो दिन पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता दानिश इकबाल ने आरोप लगाया कि उप मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव को 5 देशरत्न मार्ग का जो बंगला आवंटित किया गया था, उससे निकलते समय वह सोफा–कुर्सी, एसी और यहां तक कि नल की टोंटी तक उखाड़ ले गए। इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने दानिश इकबाल का नाम लेकर कहा कि वह किस हैसियत से यह सवाल पूछ रहे हैं?

'भाजपा ने हारी हुई लड़ाई जीती'

● संजय राउत ने भगवा पार्टी को सराहा, टीएमसी सांसद बोले- कांग्रेस अहंकारी



नई दिल्ली,(एजेंसी)। संजय राउत ने कहा कि श्दोनों राज्यों (हरियाणा और जम्मू कश्मीर) की अपनी अहमियत है, लेकिन जम्मू कश्मीर भाजपा के लिए ज्यादा अहम था। वे उस जगह से हार गए, जहां उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाया था।श हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा ने न सिर्फ सारे एग्जिट पोल्स को झूठा साबित कर दिया बल्कि अपने विरोधियों को भी चौंका दिया है। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत भी भाजपा की हरियाणा में अप्रत्याशित जीत से हैरान हैं और खुद को भगवा पार्टी की तारीफ करने से भी नहीं रोक पाए। संजय राउत ने भाजपा को सराहा संजय राउत ने कहा कि श्दोनों राज्यों (हरियाणा और जम्मू कश्मीर) की अपनी अहमियत है, लेकिन जम्मू कश्मीर भाजपा के लिए ज्यादा अहम था। वे उस जगह से हार गए, जहां उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाया था। विपक्षी गठबंधन हरियाणा में नहीं जीत पाया क्योंकि कांग्रेस को लगा कि वह अपने दम पर जीत सकते हैं और उन्हें सत्ता में किसी सहयोगी की जरूरत नहीं है। कांग्रेस नेता हुड्डा जी को लगा कि वे जीत जाएंगे। अगर उन्होंने समाजवादी पार्टी, आप या अन्य छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन किया होता तो नतीजा कुछ और होता। भाजपा ने जिस तह से चुनाव लड़ा, वह काबिले तारीफ है। भाजपा ने हारी हुई लड़ाई जीती है। टीएमसी सांसद ने कांग्रेस को कोसा हरियाणा में हार के बाद विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की सहयोगी टीएमसी ने कांग्रेस की आलोचना की है। टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने कांग्रेस का नाम लिए बिना आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि यह रवैया चुनाव में हार का कारण बना कि अगर हमें लगता है कि हम जीत रहे हैं तो हम किसी क्षेत्रीय पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे, लेकिन जिन राज्यों में हम पिछड़ रहे हैं, वहां क्षेत्रीय पार्टियों को हमें जगह देनी चाहिए।श गोखले ने लिखा कि अहंकार और क्षेत्रीय दलों को नीची निगाह से देखना आपदा का कारण बनता है। टीएमसी सांसद की इस टिप्पणी को सीधे तौर पर कांग्रेस के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की सहयोगी आम आदमी पार्टी और सीपीआई भी कांग्रेस के हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति की आलोचना कर चुके हैं। हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की इच्छुक आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि हाल के चुनावों से सबसे बड़ी सीख यह मिली है कि किसी को श्अति आत्मविश्वासीश नहीं होना चाहिए। भाकपा महासचिव डी राजा ने भी कहा कि कांग्रेस को हरियाणा के चुनाव परिणामों पर आत्मचिंतन करने की जरूरत है और उसे महाराष्ट्र तथा झारखंड में आगामी चुनावों में सभी भारतीय ब्लॉक सहयोगियों को साथ लेकर चलना चाहिए।

दिल्ली में अकेले दम पर लड़ेगी चुनाव, आम आदमी पार्टी का एलान

नई दिल्ली,(एजेंसी)। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने अमर उजाला से कहा कि पार्टी ने दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए बहुत काम किया है और उनका काम ही दिल्ली में पार्टी को जीत दिलाने के लिए काफी है। हरियाणा में कांग्रेस की हार का सीधा असर दिल्ली की राजनीति पर पड़ा है। आम आदमी पार्टी ने ऐलान कर दिया है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से कोई समझौता नहीं करेगी। पार्टी अपने काम के दम पर चुनावी मैदान में उतरेगी और जीत हासिल करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को ही पार्टी कार्यकर्ताओं से अतिउत्साह में न रहने और मजबूती से चुनाव में उतरने का सुझाव दिया था। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने अमर उजाला से कहा कि पार्टी ने दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए बहुत काम किया है और उनका काम ही दिल्ली में पार्टी को जीत दिलाने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी दूसरे दल के समर्थन या सहयोग की आवश्यकता नहीं है। जनता का सहयोग और समर्थन अरविंद केजरीवाल के साथ बना हुआ है और उनके लिए यही काफी है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हर राज्य का चुनाव अलग होता है और वे किसी एक राज्य के चुनाव को किसी दूसरे राज्य के चुनाव से जोड़कर नहीं देखना चाहतीं।

विकास को बढ़ावा देने के लिए अस्थिर प्रथा न अपनाएं: आरबीआई गवर्नर दास

● होम लोन की ईएमआई में नहीं होगा कोई बदलाव, आरबीआई ने रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा



नई दिल्ली,(एजेंसी)। रेपो रेट को एमपीसी 51वीं बैठक में चर्चा के बाद 6.5ः पर बरकरार रखा गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को तीन दिनों तक चली एमसीसी की बैठक के बाद यह एलान किया। रुख को न्यूट्रल रखने पर एमपीसी के सभी सदस्यों ने सहमति दिखाई। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट को एमपीसी 51वीं बैठक में चर्चा के बाद 6.5ः पर बरकरार रखा गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को तीन दिनों तक चली एमसीसी की बैठक के बाद यह एलान किया। रुख को न्यूट्रल रखने पर एमपीसी के सभी सदस्यों ने सहमति दिखाई। आरबीआई एमपीसी के फैसले से यह बात साफ है कि फिलहाल आम लोगों के होम लोन की ईएमआई में कोई बदलाव नहीं होने वाला। चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर का अनुमान 7.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित केंद्रीय बैंक के गवर्नर के अनुसार आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को 7.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लचीले मौद्रिक नीति ढांचे ने 8 साल पूरे कर लिए हैं, यह एक प्रमुख संरचनात्मक सुधार है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति के रुख को बदलकर श्तटस्थश कर दिया। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने लगातार 10वीं बार बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लचीले मौद्रिक नीति ढांचे ने 8 साल पूरे कर लिए हैं, यह एक प्रमुख संरचनात्मक सुधार है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति के रुख को बदलकर श्तटस्थश कर दिया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने लगातार 10वीं बार बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। महंगाई पर क्या बोले शक्तिकांत दास? आरबीआई ने सामान्य मानसून को देखते हुए वित्त वर्ष 2025 के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। दास ने कहा, ष्अच्छे मानसून और पर्याप्त बफर स्टॉक के कारण इस वर्ष के अंत में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आएगी।ष् दास ने कहा कि प्रतिकूल आधार और खाद्य कीमतों में तेजी के कारण सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति में बड़ी उछाल आने की आशंका है।

बड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में घर खरीदने वालों को बड़ी राहत दी है। फ्लैट का कब्जा नहीं पाने वालों को ईएमआई पेमेंट को लेकर बैंकों, वित्तीय संस्थानों या बिल्डरों द्वारा कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। न ही उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला चलेगा।सबसे बड़ी अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें खरीदारों की याचिकाओं को अन्य कानूनी विकल्पों की मदद लेने की बात कह कर खारिज कर दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने केंद्र, बैंकों समेत अन्य को नोटिस भी जारी किया। पीठ ने सभी मामलों पर अंतरिम रोक लगाई जिसके तहत बैंकोंधवित्तीय संस्थानों या बिल्डरध्डेवलपर की ओर से मकान खरीदारों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी।पहले भी अदालत ने खरीदारों के पक्ष में सख्त फैसले दिए हैं। जब संसद में कानून पास होने के बाद कुछ रिअल एस्टेट कंपनियों ने इस संशोधन को अदालत में चुनौती दी थी।

दिवालिया कानून यानी इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी में बदलाव कर खरीदार को डिफॉल्टर, डवलपर को उसकी रकम वापस देने संबंधी संशोधन किया गया था।खरीदारों का कहना है कि बैंक की तरफ से ऋण सीधा बिल्डर के खाते में जाता है। जो रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन है। देश में जिस तेजी से विकास हो रहा है। डेवलपर और बिल्डर सरकारी महकमें से मिली–भगत कर ऊंची–ऊंची इमारतें बना रहे हैं। मध्यम वर्ग को सपने दिखा कर मोटी रकम वसूली होती है। पूरा पैसे चुकाने के बावजूद हजारों लोग तय वक्त पर घर न मिलने से परेशान होकर बिल्डरों के दफ्तरों के चक्कर लगाते नजर आते हैं।विभिन्न कानूनी विकल्प होने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं होती। हालांकि यह फैसला खासकर एनसीआर के मकान खरीदारों के लिए है जबकि यह देश भर के नागरिकों के हित में लागू होना चाहिए।जनता की गाढ़ी कमाई के प्रति बैंकों– वित्तीय संस्थानों, बिल्डरोंध्डेवलपरों को खुली छूट देने के प्रति सबसे पहले सरकार ही जिम्मेदार है। यह फैसला उन खरीदारों को राहत देने वाला तो है ही, जो अपने घर का सपना दिखा कर खरीदारों को उचित जवाब तक नहीं देते वहीं लोन देकर कर्जदारों को जंजाल में फंसाने वालों को भी सबक लेना होगा।

आज का राशिफल

डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

खतरनाक लोग एक–दूसरे के करीब

श्रुति व्यास

दुनिया बदल रही है, पलट रही है और युद्धों में उलझ रही है। वही वह प्रजातंत्र और उसकी भाषा से दूर खिसक रही है। नतीजतन श्राईटश (दक्षिणपंथ) को श्राईटश (सही) साबित करने पर आमादा है। पुराने दोस्त, दोस्ती का लबादा ओढ़े जहां दुश्मनी निभा रहे हैं तो पुराने दुश्मनों में गलबहियां हो रही हैं। दुनिया के लिए, हम सबके लिए, खतरनाक लोग एक–दूसरे के करीब आ रहे हैं। उनकी सोच और इरादे एक से हैं इसलिए वे दोस्त बन नए गठबंधन बना रहे हैं।बुधवार की सुबह आप सब अपने मोबाइल की स्क्रीन पर देख सकेंगे कि एक से डीलडौल वाले उन दो उम्रदराज लोगों को, जो सोच और मिजाज में एक से हैं। तब उनके चेहरे और उनकी आँखें चमक रही होंगी। वे या तो एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिला रहे होंगे या गले मिल रहे होंगे। उनके नख से शिख तक दुष्टता टपक रही होगी। पश्चिम और सारी दुनिया के लिए उनका एक ही सन्देश होगा, ष्हम से बच कर रहोष्।

कल व्लादिमीर पुतिन अपने अजीज दोस्त, अपने प्यारे भाई की धरती प्योंगयांग पर होंगे। पुतिन पिछले 24 सालों में पहली बार उत्तर कोरिया जा रहे हैं। जाहिर है कि रूसी तानाशाह के शानदार स्वागत करने में उत्तर कोरिया का तानाशाह कोई कोरकसर बाकी नहीं रखेंगा। किम योंग यह नहीं भूले होंगे कि रूस की उनकी दो पिछले यात्राओं के दौरान पुतिन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया था।दोनों नेताओं को एक–दूसरे से जोडने वाला एक तार है। और यह तार उन्हें एक दूसरे का पूरक भी बनाता है। दोनों खलनायक हैं और इसलिए दोनों में अच्छी पटेगी। दूसरे, दोनों दुनिया से अलग–थलग है। इसलिए अपने अकेलेपन को दूर करने में एक–दूसरे के मददगार बन सकते हैं। दुनिया दोनों पर तरह–तरह के प्रतिबन्ध लगा कर परेशान कर रही है। ऐसे में भला वे मिलकर पलटवार क्यों न करें?

उत्तर कोरिया में रूस के राजदूत एलेग्जेंडर मात्सगोर ने शायद भविष्य को ध्यान में रख कर ही कहा है कि यह साल दोनों देशों के बीच भागीदारी के नए आयाम स्थापित करेगा।पुतिन की यात्रा, नए आयाम कायम करने की दिशा में पहला कदम है। क्रेमलिन द्वारा जारी एक नोट के अनुसार, दोनों नेता एक दूसरे के साथ अनौपचारिक बातचीत में काफी समय बिताएंगे। वे दोनों देशों पर पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से निपटने के तरीकों और सुरक्षा व अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

दोस्ती के सारे नाटक के बावजूद, सच यह है कि दोनों देश एक–दूसरे को फूटी आँखों नहीं सुहाते। मगर इन दोनों के बीच बढ़ता भाईचारा दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और खतरे की घंटी भी।महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि जहाँ रूस से लड़ाई जारी रखने के लिए यूक्रेन को हथियार आदि सप्लाई करने के मुद्दे पर पश्चिम के खेमे में विवाद और मतभेद हैं, वहीं उत्तर कोरिया, रूस के भाई की भूमिका बहुत अच्छे से निभा रहा है।यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण मगर सच है कि किम जोंग अपने बड़े भैया पुतिन की हर तरह से मदद कर रहे हैं ताकि वे युद्ध लड़ते रहें और युद्ध का इलाका बढाते रहें। उत्तर कोरिया ने सोवियत संघ के दौर की तोपों और टैंकों में इस्तेमाल होने वाले दसियों लाख गोला–बारूद रूस को उपलब्ध करवाए हैं। साथ ही उसने रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें और युद्ध में काम आने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी निर्यात किये हैं। इससे यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान को मदद मिली है। उत्तर कोरिया की केन्द्रीय न्यूज एजेंसी के लिए लिखे गए एक लेख में पुतिन ने किम और उत्तर कोरिया की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा है कि उत्तर कोरिया, यूक्रेन में युद्ध में मजबूती

से रूस के साथ खड़ा है।बदले में रूस ने भी बड़े भैया के कर्त्तव्य निभाए। उसने उत्तर कोरिया को सहायता भी दी और समर्थन भी। अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और उसके बाद महामारी के दौर में पुतिन ने किम का पूरी तरह साथ दिया। रूस के साथ व्यापार के चलते उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई। पिछले कुछ महीनों में कृषि, संस्कृति, सुरक्षा और तकनीकी जैसे मामलों के विशेषज्ञों के अनेक प्रतिनिधिमंडलों का दोनों देशों में आना–जाना हुआ है। ऐसा बताया जाता है कि उत्तर कोरिया में पर्यटन भी खूब फलफूल रहा है क्योंकि व्लादिवोस्तोक में ट्रेवल एजेंसियां पूरी दुनिया से कटे उत्तर कोरिया को गर्मी की छुट्टियाँ मनाने के लिए आदर्श स्थल के रूप में प्रचारित कर रही हैं। इस सबसे किम योंग की उनके देश में लोकप्रियता बढ़ी है।मगर दोनों देशों की दोस्ती केवल एक–दूसरे की मदद करने तक सीमित नहीं है। उत्तर कोरिया वैश्विक स्तर पर रूस बनाम पश्चिम टकराव में रूस का खास प्यादा है। वह अमेरिका के लिए एशिया में उसकी रणनीति को लागू करना कठिन बनाता आ रहा है तो रूस बहुराष्ट्रीय संगठनों में उत्तर कोरिया की मदद करता है। अभी हाल में रूस ने संयुक्त राष्ट्रसंघ में एक प्रस्ताव को वीटो किया था जिसमें उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों की निगरानी करने वाले श्पैनल ऑफ एक्सपर्ट्सश के कार्यकाल को बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया था। उत्तर कोरिया के साथ नजदीकी बढाकर, रूस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि दक्षिण कोरिया, जो हथियारों का बड़ा निर्माता है, यूक्रेन को सीधे हथियार न सप्लाई कर सके।पुतिन और किम की भागीदारी भले ही लेनदेन पर आधारित लगे मगर रूस और उत्तर कोरिया के लिए रणनीतिक कारणों से भी एक–दूसरे के साथ मिलकर काम करना जरूरी है।

कुल मिलाकर, दोनों देश पश्चिम के नेतृत्व वाले गुट, जो नियम–कानूनों पर आधारित उदारवादी वैश्विक व्यवस्था के पक्षधर है, के बरक्स एक वैकल्पिक राजनैतिक, आर्थिक और साझा सुरक्षा पर आधारित गुट खड़ा करने का प्रयास हैं। इसमें चीन और ईरान भी शामिल हैं। भू–रणनीतिक दृष्टि से उत्तर कोरिया के लिए यह अच्छा ही है कि अमेरिका यूक्रेन में फंसा रहे और इस बीच वह अपने मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को आगे बढ़ा सके। मास्को चाहता है कि कोरियाई प्रायद्वीप अमरीका के लिए चिंता का सबब बना रहे ताकि अमेरिका केवल यूक्रेन युद्ध पर फोकस न कर सके। दोनों देशों की बीच नजदीकियां निश्चित तौर पर बढ़ रही हैं। मगर मुद्दे की बात यह है कि क्या पुतिन अपने मित्र की हथियार निर्माण परियोजना और विशेषकर उनके परमाणु कार्यक्रम का पूरी तरह समर्थन करेंगे? बताया जाता है कि किम का मानना है कि रूस और उनके देश के बीच सैन्य सहयोग उतना व्यापक और गहरा नहीं है जितना वे चाहते हैं। कुछ ज्ञानीजनों का मानना है कि पुतिन, किम का इस्तेमाल केवल तब तक करेंगे जब तक यूक्रेन में युद्ध चलेगा और वे उत्तर कोरिया की खातिर बिग ब्रदर चीन को नाराज नहीं करेंगे। दरअसल, चीन ही यह तय करेगा कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच सहयोग कितना व्यापक और गहरा हो। अब तक तो शी जिनपिंग यूक्रेन में लडने के लिए रूस को कोई खास फौजी मदद मुहैय्या करवाने से बचते रहे हैं और वे उत्तर कोरिया के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम का भी समर्थन नहीं कर रहे हैं।इसके बावजूद, रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ती नजदीकियां और दुष्ट राष्ट्रों का त्रिकोण (अर्थात उत्तर कोरिया, चीन और रूस बनना दुनिया के लिए शुभ नहीं है।

टीएमसी सांसद को तगड़ा झटका

दिल्ली हाई कोर्ट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले को तगड़ा झटका लगा है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी की पत्नी लक्ष्मी पुरी को मानहानि के मामले में कोर्ट ने उन्हें पचास लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया है।लक्ष्मी संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक सचिव हैं। अदालत ने माफीनामा प्रमुख अंग्रेजी अखबार में छपवाने और इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करने को भी कहा है, जो छह माह तक नजर आना चाहिए। लक्ष्मी की याचिका के अनुसार गोखले ने 2021 में 13 और 23 जून को पुरी दंपति पर 2006 में स्विट्जरलैंड में काले धन से घर खरीदने की बात कही थी। गोखले द्वारा पोस्ट किया गया था कि स्विस बैंक खातों और विदेशी काले धन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय धन शोधन की जांच करे।अदालत ने वादी के खिलाफ आगे भी कोई अपमानजनक सामग्री प्रकाशित करने से रोका है। साथ ही, उनकी प्रतिष्ठा को हुए नुकसान की भरपाई कोई भी राशि नहीं कर सकने की बात भी कही है। फिलवक्त लक्ष्मी पुरी किसी औपचारिक भूमिका में नहीं हैं परंतु उनकी निजी उपलब्धियों और राष्ट्र सेवा पर कोई संदेह नहीं किया जा सकता।हालांकि अदालती कार्यवाही के दौरान साकेत गोखले अपने रुख पर कायम रहे। कहना गलत नहीं होगा कि साक्ष्य मौजूद होने पर ही उन्हें सार्वजनिक प्लेटफार्म पर इस तरह के आरोप लगाने थे। खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले गोखले राहुल गांधी से प्रभावित रहे हैं पर कांग्रेस से 2019 में उन्होंने संबंध तोड़ लिया था। क्राउड फंडिंग द्वारा जुटाए गए पैसों की हेराफेरी के आरोपों में 2022 में गोखले को गुजरात पुलिस गिरफ्तार भी कर चुकी है।मनी लॉन्ड्रिंग के आरापों में ईडी यानी इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट के शिकंजे में भी वह आ चुके हैं। दागदार छवि के बावजूद साकेत गोखले दूसरों के चरित्र पर कीचड़ उछाल कर अपने पद की गरिमा को भी चुटहिल कर रहे हैं।रही बात राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की तो उसका भी तो कोई स्तर होना चाहिए। राम मंदिर के खिलाफ और प्रधानमंत्री की अघोषित संपत्ति जैसे मामलों पर याचिकाएं लगा कर सिर्फ विवाद उत्पन्न करना राजनेता को शोभा नहीं देता। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को भी अपने इस प्रवक्ता पर सख्ती करनी चाहिए। इससे उनके दल की छवि भी कम धूमिल नहीं होती। यही लोकतंत्र की खूबसूरती है, उच्च सदन का सदस्य होने के बावजूद मानहानि का हक नहीं मिल सकता।

अरबपति दानवीर भी बन जाएं तो कुछ बात बने

आर.के. सिन्हा

अभी कुछ दिन पहले एक खबर मीडिया की सुर्खियों में थी कि भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई अब एशिया की श्अरबपतियों की राजधानीश बन गई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में चीन के राजधानी शहर बीजिंग से भी ज्यादा अरबपति व्यक्ति रहने लगे हैं। भारत में मुंबई के बाद सबसे ज्यादा अरबपति अब दो और महानगरों नई दिल्ली और हैदराबाद में ही रहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में अरबपतियों की तादाद देश में विकास की रफ्तार के साथ बढ़ती ही रहेगी। अरबपति छोटे शहरों और कस्बों में भी बने। पर भारत को फिलहाल सैकड़ों–हजारों दानवीर भी तो चाहिए।

भारत, अपने युवा और विविध जनसंख्या के बावजूद , दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि, फिलहाल इसकी समृद्धि असमान रूप से वितरित है। लाखों लोग गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक की पहुँच से वंचित हैं। इस असमानता को कम करने और भारत को एक समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाने के लिए अधिक से अधिक दानवीरों की आवश्यकता है। हमें इस तरह के दानवीर चाहिएं जो हर साल बड़ी राशि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में खर्च करें।यह संतोष का विषय है कि बिल गेट्स ने अपनी समृद्धि का उपयोग मानवता की सेवा में किया है। उनके द्वारा स्थापित बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बड़ी चुनौतियाँ हैं, जिसमें गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सीमित है। बेशक, दानवीर स्वास्थ्य सेवा में निवेश करके, नई तकनीकों और दवाओं को विकसित करने में मदद कर सकते हैं। वे गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों और क्लिनिकों का निर्माण कर सकते हैं।

भारत में शिक्षा प्रणाली में भी सुधार की बड़ी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में बहुत सारे दानवीरों को निवेश करना चाहिए।वे शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करके, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समृद्ध दानवीर शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों का आधुनिकीकरण और नए शिक्षण उपकरणों का विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। यह कोई नहीं कह रहा है कि हमारे यहां दानवीर शिक्षा या हेल्थ सेक्टर में निवेश नहीं करते। पर इन दोनों क्षेत्रों में शत प्रतिशत सरकार के भरोसे भी तो नहीं रहा जा सकता। सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं।इसके साथ ही भारत में गरीबी और असमानता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर चहुँमुखी सामाजिक विकास की आवश्यकता है। दानवीर गरीबों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आय बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वे ग्रामीण विकास, कृषि, स्वरोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं।भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। इस स्थिति का सामना करने के लिए हमारे दानवीर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जल संरक्षण और ज्यादा पानी अवशोषित करने वाले गेहूँ, धान और गन्ना के उत्पादन को छोड़कर या कम करके परंपरागत मोटे और छोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का अभियान चला सकते हैं। एक किलो धान के उत्पादन में जहाँ 8000 लीटर , एक किलो गेहूँ उत्पादन में 10,000 लीटर पानी और एक किलो चीनी के उत्पादन में 28,000 लीटर पानी का व्यय होता है , वहीं एक किलो छोटे अनाज कोदो, कँगनी, कुटकी , साँवा और हरा सावाँ के उत्पादन में मात्र 100 से लेकर 300 तक ही पानी की आवश्यकता पड़ती है । इसीप्रकार, हर तरह के दूरगामी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए भी दानवीर अरबपति पर्यावरणीय संगठनों को समर्थन दे सकते हैं।

मैं अपना खुद्द का उदाहरण देना चाहूँगा । मैं 1966 से लेकर 1975 में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गाँधी द्वारा लगायी गई इमरजेंसी के पूर्व तक उस समय भारतवर्ष के दो बड़े मीडिया संस्थानों में से एक में विशेष संवाददाता था । तनखह्वाह थी मात्र 230 रुपए प्रतिमाह। संपादकीय पृष्ठ पर एक लेख लिखने पर प्रति लेख 10 रुपए अलग से मिल जाते थे । लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा और आशीर्वाद से भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिये एक छोटा सा सेवामूलक कार्य शुरू किया और तीन लाख भूतपूर्व

सैनिकों और बेरोजगार युवक – युवतियाँ को रोजगार दिया । आज उन संस्थाओं का वार्षिक कारोबार लगभग 13,000 करोड़ का है । संतोषप्रद लाभ भी है । लेकिन , मैं अपने लाभाँश का लगभग 95ः अपने पूज्य माता और पिताजी की स्मृति में स्थापित " अवसर ट्रस्ट " के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की शिक्षा , चिकित्सा , बिना दहेज विवाह , किसी भी तरह की समाज सेवा करने वाली संस्थाओं की सहायता में खर्च करता हूँ। इससे जो आत्मीय संतुष्टि मिलती है, उसका वर्णन करना संभव नहीं है । धन की गति या तो व्यभिचार के लिये होगी या सद्कार्यों के लिये ! अरबपतियों को एक ही रास्ता चुनना होगा । नोटों की गड्डी पर न तो आज तक कोई जला है , न जलेगा ।तब बुद्धिमत्ता पूर्वक सबको यह सूचना चाहिये कि संचित धन का सदुपयोग करना है या दुरुपयोग ?

नए–नए करोड़पतियों और अरबपतियों को अनुसंधान और विकास में भी निवेश करना चाहिए। ये दानवीर वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और नए क्षेत्रों में निवेश करके, भारत को वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में नेता बनने में मदद कर सकते हैं। वे नए उद्यमों को शुरू करने और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निवेश कर सकते हैं।इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के को–फाउंडर नंदन नीलेकणि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत दान देते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान किये। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटीज बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को करीब 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं। दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्व विद्लायों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। नीलकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधार कार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ठ पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटीफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने का विचार उन्होंने ही सफलतापूर्वक चलाया था।

इसमें दो राय नहीं हो सकती कि भारत में नंदन नीलकेणी जैसे दानवीरों की संख्या को बढ़ाना होगा। अजीम प्रेमजी और शिव नाडर जैसे अरबपति दानवीर भी देश के युवाओं को सामाजिक उद्यमिता, सामुदायिक विकास और सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे भारत के संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके, गरीबी को दूर करने और मानवता की सेवा करने के लिए सहायता भी कर सकते हैं।कभी–कभी मन उदास हो जाता है कि भारत में दानवीरों की काफी कमी हैं। देखिए भारत में अब भी धनी लोग समाज के लिए धन देने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि उनका टैक्स देना ही काफी है। यह सोच बदलनी होगी।फिर भारत में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे लोगों को दान करने के लिए प्रेरित करने में कठिनाई होती है। उन्हें डर लगता है कि उनके दान का गलत उपयोग किया जाएगा। कई मामलों में यह होता भी है। फिर कई लोग दान के बारे में जानकारी नहीं रखते हैं या वे यह नहीं जानते कि वे दान कैसे कर सकते हैं।

इस बीच, यह कहना सही नहीं है कि यूरोप और अमेरिका में भारत से ज्यादा दानवीर हैं।दानवीरता किसी भी देश या संस्कृति तक सीमित नहीं है। हर जगह अच्छे दिल वाले लोग होते हैं जो दूसरों की मदद करने को तैयार रहते हैं। हर देश के अपने–अपने दान करने के तरीके हैं और हर व्यक्ति की अपनी जरूरतें और सीमाएँ होती हैं. दानवीरता किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद और क्षमता पर निर्भर करती है, न कि किसी देश या संस्कृति पर। हमारे यहां बहुत से लोग मशहूर खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों से शिकायत करते रहते हैं कि वे चौरिटी नहीं करते। हालांकि सच यह है कि कई सेलिब्रिटी अपने दानों के बारे में सार्वजनिक नहीं होना चाहते। उनका मानना हो सकता है कि दान करना एक निजी मामला है और इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की जरूरत नहीं है। कुछ सेलिब्रिटी किसी विशिष्ट कारण के प्रति सहानुभूति महसूस नहीं करते हैं । यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी सेलिब्रिटी एक समान नहीं होते हैं। कुछ बहुत दानवीर होते हैं, जबकि कुछ नहीं भी करते हैं। इसलिए, यह मान लेना गलत होगा कि सभी सेलिब्रिटी दान नहीं करते हैं।

शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से हल करायें

शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर–दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता हरिओम दूबे निवासी लच्छीपुर ने शिकायत किया कि शिवनायक

➤ जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर–दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं,

दूबे की पम्पिंग सेट के बगल से गयी 11 हजार की तार जमीन से मात्र 6 फुट की ऊंचाई पर खण्ड़जा मार्ग से क्रास करायी गयी है जो पूरी बस्ती का आवागमन का एक मात्र रास्ता है, वाहन आते जाते समय अक्सर वह विद्युत तार टच हो जाता है दो पोल की दूरी भी मानक से ज्यादा है जिसके कारण तार बहुत ही कम ऊचाई पर है जिससे किसी भी वक्त अप्रिय घटना घटित हो सकती है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत रानीगंज को निर्देशित किया है कि लटके हुये तार को ठीक करायें अन्यथा दुर्घटना की स्थिति में जेई की जिम्मेदारी तय करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर–उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी

योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें।

स्थायी लोक अदालत में सदस्य पद के लिये साक्षात्कार 30 सितम्बर को–अपर जिला जज–अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने बताया है कि स्थायी लोक अदालत में सदस्य के पद पर चयन हेतु अभ्यर्थियों/आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 30 सितम्बर 2024 को जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में साक्षात्कार की तिथि सुनिश्चित की गई है। स्थायी लोक अदालत में सदस्य के पद पर चयन हेतु आवेदक/अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, पहचान पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि 30 सितम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के कार्यालय में उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ से सम्पर्क करें।

सोलर पम्प हेतु की गयी बुकिंग कोकिया जायेगा कन्फर्म, पंजीकृत मोबाइल पर जायेगा मैसेज–उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि जनपद में संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0–कुसुम) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत कृषकों द्वारा अद्यतन तक सोलर पम्प हेतु की गयी बुकिंग को दिनांक 23 सितम्बर 2024 को कन्फर्म किया जायेगा जिसके मैसेज पूर्व की भांति सम्बन्धित कृषक/लाभार्थी के पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर आनलाइन प्रेषित किये जायेगें। उन्होने जनपद के सभी कृषक बन्धुओं से कहा है कि आप द्वारा अद्यतन की गयी बुकिंग का कन्फर्म होने का मैसेज आनलाइन आपके पंजीकृत मोबाईल पर प्राप्त होने के बाद अवशेष कृषक अंश की धनराशि आनलाइन अथवा पोर्टल से चालान जनरेटर कर इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दें।



अभद्रता और नाजायज दबाब बनाने को लेकर सभासद ने नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी को सौंपा पत्रक

मीरजापुर (आरएनएस)। बुंदेलखंडी वार्ड के सभासद सतीश केसरवानी के पुत्री एवं पुत्रों द्वारा आए दिन की जा रही अभद्रता एवं विभागाध्यक्षों पर नाजायज दवाब बनाने को लेकर इमामगंज वार्ड के सभासद ऋषभ जायसवाल ने पालिका के अन्य सभासदों के साथ नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी से मुलाकात कर पत्रक सौप कार्यवाही करने की मांग की है।बता दे इमामगंज के सभासद ने कहा है की पालिका में जाने पर बुंदेलखंडी वार्ड के सभासद के दोनो बेटे और बेटियां आए दिन अमर्यादित शब्दो का प्रयोग एवं गलत टिप्पणी किया करते है।पालिका के सभी विभागाध्यक्षों के साथ गलत कामों को कराने को लेकर भी नाजायज दवाब बनाने का कार्य करते है।गुरुवार की रात भी वार्ड की समस्या को लेकर जब मैं नपाध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर पहुंचा तो पहले से ही मौजूद सभासद के पुत्र एवं पुत्री ने अभद्रता की एवं गाली गलौज पर उतारू हो गए। जबकि इन सभासद के बेटी और पुत्रो का कोई अधिकार नही बनता की वे पालिका के कार्यों में हस्तक्षेप करे।कई बार तमाम सभासदों ने इनके अभद्रता और हस्तक्षेप को लेकर पालिकाध्यक्ष से मौखिक शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन फिर भी इनके पुत्री एवं दोनो पुत्रो द्वारा पालिका के कार्यों में बाधा पहुंचाई जाती है।इसलिए इनके द्वारा पालिका के कार्यों में किए जा रहे हस्तक्षेप को रोकने के लिए नपाध्यक्ष से कार्यवाही करने की मांग की गई है।

पिकप की टक्कर से पलटा आटो, आठ घायल

चित्रकूट(आरएनएस)। पहाड़ी थाना क्षेत्र के नोनार निवासी कैलाश ने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ गांव से बहन के घर जिला मुख्यालय स्थित बेड़ीपुलिया के लिए जा रहे थे। एक ऑटो बुक किया था। जिसमें सभी सवार थे। जैसे ही ऑटो कर्वी पहाड़ी मार्ग के चकौंध मोड़ के पास पहुंची तो ऑटो में पीछे से पिकअप ने टक्कर मार दी। ऑटो असंतुलित होने से पलट गया। इससे ऑटो मे बैठे आठ यात्री घायल हो गए। जिसमें नोनार निवासी कैलाश नाथ, विद्या देवी, सवारिया, बेलपतिया, माया, निर्माला देवी, वसिला देवी, राकेश आदि घायल हो गए। आटो चालक अमर के भी गंभीर चोट लगी है।

संक्षेप

तहसील सदर में होगा समाधान दिवस

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा व मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

लाभार्थी आवास निर्माण कार्य करायें

प्रतापगढ। परियोजना अधिकारी डूडा ने सूचित किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिये आवास शहरी के अन्तर्गत लाभार्थी व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी–एन) के अन्तर्गत 07 नगर पंचायतों क्रमशः नगर पंचायत अन्तू, कुण्डा, गड़वारा, मानधाता, रामगंज, हीरागंज बाजार की स्वीकृत डी0पी0आर0 में (माइग्रेट, नो नॉमिनी, नॉट इंटरेस्ट, जमीन न होना, विवादित) लाभार्थियों द्वारा आवास का निर्माण कार्य प्रारम्भ न करने वाले उन लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित नगर पंचायत में चस्पा/उपलब्ध रहेगी। लाभार्थियों द्वारा 22 सितम्बर तक आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो अपात्र करते हुये कर्टेलमेंट की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

किया गुरुजनों को सम्मानित

सुल्तानपुर(आरएनएस)। लियंस क्लब सुल्तानपुर सेंट्रल के द्वारा आयोजित सम्मान सभा गुरुओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में डा. इंद्र मणि कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर राणा प्रताप महाविद्यालय, डा.रवि शंकर मिश्रा, शहीद स्मारक विद्यालय रनकेडीह, जे एन उपाध्याय प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर, डा. सतीश कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर सन्त तुलसीदास पी जी कालेज कादीपुर को माला, शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर उपस्थिति शिक्षकगण ने अपने उद्बोधन में समाज एवं छात्रों के लिए गए समर्पित भाव से दीक्षा प्रदान किए जाने का उल्लेख किया। सभा में उपस्थित संस्थापक अध्यक्ष लायन सतीश कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सीए लायन सौरभ कांत ने शिक्षक गण के लिए बहुत ही सुंदर शब्दों के साथ अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। सभा में उपस्थित शिक्षक गण का परिचय क्रमशः अध्यक्ष लायन शबीहुल हसनैन, सचिव लायन आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन जसबीर सिंह के द्वारा सदन में प्रेषित किया गया। सचिव लायन आशीष अग्रवाल ने सभा का सुंदर संचालन किया।

अभियान की गहन समीक्षा

मीरजापुर (आरएनएस)। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ओझा के निर्देशन में सक्रीय टीबी रोगी खोज अभियान के तहत लालगंज में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने अभियान की गहन समीक्षा करते हुए कहा की प्रत्येक टीम से अधिक से अधिक सैंपल की जांच कराएं। इस दौरान क्षेत्रीय पर्वेक्षक शमीम अहमद ने टीयू लालगंज में चल रहे टीबी अभियान का मानिकपुर, लालापुर, रजई, बभनी गांवों का गहन भ्रमण किया। जिसमें टीम मेंबर को टीबी रोग के बारे में समझाने के साथ ही सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के बारे में भी बताया, ताकि टीबी रोगी इससे लाभान्वित होने के साथ ही टीबी रोग को समाप्त करने में अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय लोगों को बताया गया की टीबी रोग से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसका डटकर मुकाबला कर तथा नियमित दवा का सेवन कर बचा जा सकता है तथा आस पास ऐसे व्यक्ति आप को दिखाई देते है तो इनको बताने का प्रयास करें साथ ही इस मानवीय कार्य को करे। कहा इस मानवीय कार्य से ही हमारा देश टीबी मुक्त भारत बनेगा। इस दौरान आशा इंद्रावती देवी, आशा सरिता देवी, सिलमित्रा देवी, राजिया बानो, नीतू पाल, हीरावती देवी, प्रदीप बाबूलाल इत्यादि उपस्थित रहें।

छात्र को प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार में शामिल करने की मांग

मीरजापुर (आरएनएस)। नगर के बहुचर्चित एक्सिस बैंक लूट कांड मैं बदमाशों की गोली से घायल गार्ड को पानी पिलाने वाले छात्र को प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के लिए नगर विधायक सहित कई संगठनों ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा है। इस संदर्भ में नगर विधायक ने शासन को भी पत्र प्रेषित किया है। बताते चलें कि नगर के दुर्गा बाजार, बेलतर के रहने वाले देव पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार पाण्डेय ने बैंक के कैश वैन में हुई डकैती और गार्ड को गोली मार दिए जाने के समय स्कूल से घर जा रहें थे कि तभी जमीन पर पड़े गार्ड को देखा और बिना भयभीत हुए उनकी सहायता के लिए गये और पानी भी पिलाया। जिसके इस कार्य की न केवल खूब सराहना भी हुई थी बल्कि उन्हें प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की भी पुरजोर आवाज उठने लगी थी। बताते चलें कि 12 सितम्बर 2023 को नगर के बेलतर स्थित एक्सिस बैंक में दिनदहाड़े बदमाशों ने कैश वैन लूटने के साथ ही लुटेरो ने एक गार्ड को गोली मार दी थी। तभी स्कूल से लौटते वक्त लहुलुहान पड़े गार्ड को देख और बिना कुछ सोचे–समझे निरन्तर चलती हुई गोलीबारी के बीच ही उस गार्ड की सहायता के लिए छात्र देव ने घायल गार्ड को पानी पिलाने के साथ उसकी मदद में जुटा हुआ था। देव ने ईधर–उधर देखते हुए लोगों को एकत्रित करने की कोशिश की, किन्तु किसी के न आने पर व स्वयं ही उनकी सहायता के लिए तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक उपचार दिया। एक किशोरावस्था युवक के दिमाग में जो होता है उससे ऊपर उठकर वीरता दिखाते हुए एवं अपनी बुद्धि का सदुपयोग करते हुए उस मुर्च्छित गार्ड की सहायता की। ऐसे वीर बालक हमारे समाज में होने चाहिए। छात्र देव को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत से पुरस्कृत किये जाने की मांग की गई है।

तत्काल हो कार्यवाही–विपिन

सोनभद्र (आरएनएस) ! समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने कहा कि जिस तरह भाजपा के लोगो के द्वारा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का शनिवार को उनको बदनाम करने की नीयत से पुतला फूंका गया व अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया ..वो अति निंदनीय है।भाजपा के लोग सत्ता में रहने पर अपनी मर्यादा भूल गए है। ऐसी कायरतापूर्ण हरकत केवल बीजेपी के लोग ही कर सकते हैसमाजवादी पार्टी जनपद सोनभद्र के जिलाधिकारी व नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक से मांग करती है कि तत्काल पुतला फूंकने वालो पर कार्यवाही की जाय व गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ऐसे नेता और कार्यकर्ताओं को जेल भेजे और यदि ऐसा नही होता तो समाजवादी पार्टी सोनभद्र की सड़क से लेकर लखनऊ और दिल्ली संसद तक प्रदर्शन करने को बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिमेदारी जिला प्रशाशन व पुलिस प्रशाशन की होगी।

स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया

सोनभद्र (आरएनएस)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 40 वां स्थापना दिवस बड़े धूम धाम से जिला महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे की अगुवाई में मनाया गया, इस अवसर पर महिला कांग्रेस द्वारा सदस्यता अभियान की शुरुवात किया गया, महिलाओ को ऑन लाइन सदस्यता दिलाकर उनको प्रमाण पत्र वितरित किया गया। महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष उषा चौबे ने कहा कि जनपद में भारी संख्या में महिलाओं को महिला कांग्रेस की सदस्यता दिलाकर महिला कांग्रेस को मजबूती बनाया जाएगा। कॉग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओ को राजनीति में आगे ले जाने के लिए अनेकों ऐतिहासिक कदम उठाई है, तमाम महिलाएं महिला कांग्रेस से जुड़कर ग्राम पंचायत से लेकर देश और प्रदेश की राजनीति में निरंतर आगे बढ़ रही है, महिलाएं अपने अधिकारों को समझे और जहाँ भी अन्याय और अत्याचार हो वहाँ संघर्ष करने लिए तैयार रहे। श्रीमती चौबे ने कहा कि बीजेपी सरकार में महिलाएं सुरक्षित नही है, लगतार महिलाओं पर अत्याचार और बलात्कार की घटनाओं से भय का माहौल ब्याप्त है, कानून व्यवस्था ध्वस्त है, बेटिओ पर अत्यचार की घटाएँ आये दिन सुनने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में बढ़ती महंगाई से महिलाओ को घर चलाना मुश्किल हो गया है।

विमलेश ने जीता कांस्य पदक

कुशीनगर। जनपद के तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवा राजा पाकड़ निवासी व उत्तराखंड प्रदेश के साई (स्पोर्ट्स अथॉरिटी आफ इंडिया) ट्रेनिंग सेंटर काशीपुर में तैनात मुक्केबाजी कोच सिकंदर पटेल से बाक्सिंग सीख रहे कुशीनगर जनपद के ग्राम पंचायत मठिया जयकिशुन निवासी अशोक यादव के पुत्र विमलेश यादव ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित नेशनल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता है। ग्रेटर नोएडा में बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया, स्पोर्ट अथारिटी आफ इंडिया (साई) तथा आरईसी के संयुक्त तत्वावधान में देश स्तर के आरइसी टैलेंट हंट –1 प्रतियोगिता का आयोजन गत 1 सितंबर से 7 सितंबर तक हुआ था। प्रतियोगिता में देशभर से 2400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। 13 वर्षीय विमलेश ने 43 किग्रा भार वर्ग में यूपी का प्रतिनिधित्व करते हुए पहले मुकाबले में आंध्र प्रदेश के खिलाड़ी को 5–0 से हराया।

रोकथाम हेतु आयोजित किया जागरूकता शिविर

मीरजापुर(आरएनएस)। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य योजना 2024–25 के तहत जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल के दिशानिर्देशन में अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर विनय आर्या की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुरसण्डी सभागार में पीसीपी एनडीटी एक्ट के तहत कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम एवं सेनेटरी पैड़ के सन्दर्भ में जागरूकता शिविर का शुभारम्भ विनय आर्या, अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर ने किया। विनय आर्या, अपर जनपद न्यायाधीश,सचिव, डीएलएसए ने उपस्थित विशेषकर आशा बहुएं, ऐनम और आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए बताये कि महिलाओं का सम्मान किया जाए। कन्या भ्रूण हत्या पीसीपीएनडी एक्ट के तहत आता है। गर्भ में कन्या भ्रूण हत्या कराने वाले को न्यायालय कभी माफ नहीं करती है। इसकी रोकथाम के लिए कई कानून बनाये गये है. इसका व्यापक प्रचार प्रसार आशा बहुओं, एनम और आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से गांव गांव जाकर प्रत्येक घर की महिलाओं व पुरुषों को दिया जाना अति आवश्यक है। हम सभी को कन्या के महत्व को समझाने की आवश्यकता है। कन्याएं किसी पर बोझ नहीं होती है। कन्या पैदा होने पर खुशियां मनायी जानी चाहिए, समय आने पर कन्या ही माता पिता की अच्छे से देखभाल व सेवा करती है। डिप्टी सी०एम०ओ डा आरके चौधरी ने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए बताया कि बालक के अपेक्षा बालिकाओं की लिंगानुपात कम है पीसीपीएनडीटीएक्ट का उद्देश्य है कि अल्ट्रासाउण्ड मशीनों एवं अन्य आधुनिक मशीनों का दुरूपयोंग न होने पाये और कन्या भ्रूण हत्या न हो के उद्देश्य के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण कन्याओं की जनसंख्या बालकों की जनसंख्या के अनुपात में काफी कम है। समय समय पर अल्ट्रासाउण्ड मशीनों एवं अन्य आधुनिक मशीनों के सेन्टरो पर प्रत्येक माह छापेमारी की जाती है। कोई भी अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर कन्या भ्रूण हत्या में सक्रिय पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाती है।

नपाध्यक्ष ने शिवपुर का किया निरीक्षण

मीरजापुर (आरएनएस)। नवरात्रि को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने शुक्रवार की सुबह पालिका के अधिकारियो, कर्मचारियों के साथ शिवपुर वार्ड का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने वार्ड में कई जनशिकायतो को सुना और मौके पर पहुंचकर उसका निरीक्षण भी किया। वार्ड से सबंधित सभी जनशिकायतों के निस्तारण के लिए सबंधित अधिकारियो को निर्देशित भी किया।आगामी नवरात्रि से पहले वार्ड की टूटी हुई नालियों, इंटरलॉकिंग और ढक्कन को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के लिए अधिकारियो को निर्देशित किया। उन्होंने कहा की नवरात्रि में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी,दर्शनार्थी त्रिकोण यात्रा करने के इन्ही मार्गो से पैदल ही गुजरेंगे। इसलिए दर्शनार्थियों के सुविधा के लिए तत्काल इसको दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान वार्ड में बने वृद्धाश्रम पहुंचे जहा उन्होंने सभी का कुशल क्षेम पूछते हुए फल का वितरण भी किया। इस दौरान सभासद पुत्र रमन सिंह, जलकल अभियंता ओमप्रकाश गौतम, सीएसआई मनोज सेठ, राजस्व निरीक्षक राजित यादव, डीपीएम संजय सिंह, निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, फोरमैन देवेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

2 वारंटी गिरफ्तार

चित्रकूट(आरएनएस)। कोतवाली कर्वी के एसआई इन्द्रजीत गौतम ने टीम के साथ वारंटी सुनील कुमार पुत्र संतराम निवासी कालूपुर व सरधुवा थाना के एसआई अरविन्द कुमार पांडेय ने टीम के साथ आर्म्स एक्ट के वारंटी रामराज यादव पुत्र धर्मराज यादव निवासी सरधुवा को गिरफ्तार किया है।

गांजा संग दबोचा

चित्रकूट। भरतकूप थाना के एसआई प्रशिक्षु उत्कर्ष कुमार सिंह ने टीम के साथ शरद यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी ग्राम माखनपुर थाना कालिंजर जनपद बांदा को 1 किलो 52 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

भेंट की प्रतिकृति

चित्रकूट। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के चित्रकूट प्रवास के दौरान महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने आरोग्यधाम स्थित हेलीपैड स्थल में पहुंचकर ललित कला के विद्यार्थियों द्वारा सृजित उनकी प्रतिकृति और अंगवस्त्र भेंट किया।

इनामी डकैत मुठभेड़ में गिरफ्तार

सुलतानपुर(आरएनएस)। कोतवाली नगर में सर्राफा व्यवसायी के यहां डकैती की घटना में वांछित एक लाख रुपये के इनामी बदमाश की शुक्रवार को पुलिस से मुठभेड़ हो गई। गोली से घायल होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से सफेद धातु के आभूषण लगभग 04 किलो और एक अवैध असलहा, मोटर साइकिल सहित अन्य चीजें मिली है।पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि सर्राफा व्यवसायी (भरत ज्वैलर्स) ठठेरी बाजार मेजरगंज चौकी घण्टाघर में अज्ञात बदमाशों ने 28 अगस्त को दिनदहाड़े डकैती की थी। इसमें वांछित इनामी बदमाशों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही थी। स्वॉट और पुलिस को मिली लोकेशन पर मोटर साइकिल सवारों की घेराबंदी कर ली। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में पुलिस की गोली एक बदमाश घायल हुआ, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरा साथी अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए बदमाश की पहचान जौनपुर के ग्राम लारपुर निवासी अजय उर्फ डीएम के रुप में हुई।

प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र ने नवरात्रि के उपलक्ष में दिया महत्वपूर्ण संदेश

श्रृंगवेरपुर, प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने नवरात्रि के अवसर पर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा, ष्नवरात्रि हमें शक्ति, साहस और संयम की प्रेरणा देती है। यह समय हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर प्रदान करता है।ष

जितेंद्र कुमार ने आगे कहा, ष्हमें माता दुर्गा के नौ रूपों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जीवन में उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। नवरात्रि हमें अपनी शक्ति और सामर्थ्य को पहचानने का अवसर देती है।ष

इस अवसर पर, जितेंद्र कुमार ने लोगों से अपील की कि वे नवरात्रि के दौरान अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा, ष्हमें अपने समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए।ष्नवरात्रि के उपलक्ष में, जितेंद्र कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दीं और उनके जीवन में खुशी और समृद्धि की कामना की।

सड़क–नाली बनाने में पक्षपात

जौनपुर(आरएनएस)। भाजपा का सबका साथ सबका विकास देखना हो तो नगर के सिटी स्टेशन के पास स्थित सद्भावना कालोनी में देख सकते हैं। यहां पर भाजपा नेता के घर तक तो विकास दिखेगा, लेकिन उसके आगे सबका सत्यानाश होता दिखाई पड़ जायेगा। सिटी स्टेशन ओवरब्रिज के पूरब तरफ सद्भावना कालोनी है, इसी कालोनी से होते हुए करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क जाती है जो चांदमारी होते हुए वाजिदपुर तिराहे पर निकलती है। इस डेढ़ किलोमीटर की दूरी में 150 से अधिक मकान बनाकर लोग पूरे परिवार के साथ रहते है। इस कालोनी में बीते कई महीने से गैस पाइप लाइन बिछाने वाली संस्था ने सड़क खोदा गया , सीवर पाइप लाइन बिछाने वालों ने इस कदर सड़क की खुदाई की है कि कॉलोनी में रहने वाले लोग उसकी पीड़ा उठा रहे हैं। कई लोग तो अपने घरों में ताला बंद करके गांव का रूख कर चुके हैं, लेकिन वहीं मेन रोड से 50 मीटर की दूरी पर भाजपा नेता पीयूष गुप्ता के मकान तक नगरपालिका ने 3 लाख 49 हजार रुपए की लागत से सड़क और नाली का निर्माण करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लिया है। इस कालोनीवासियों का रोना है कि उसके आगे की सड़क खराब होने के कारण स्कूल के वाहन तक नहीं आ पा रहा है। गर्मी और जाड़े के मौसम में धूल से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बारिश के मौसम में घर से निकलना दूभर हो गया है जिसके कारण बुजुर्ग और बीमार लोगों ने कालोनी छोड़कर कहीं अन्य जगह ठीकाना बना लिया है तो कुछ लोग गांव चले गये हैं। लोगों का कहना है कि उन लोगों ने कई बार जिलाधिकारी से शिकायत की । नगर में विकास की गंगा इस कदर बहायी जा रही है पूरी ट्रक बीच सड़क पर धंस जा रही है।

चन्दा वसूली नहीं करेगी कायस्थ महासभा

जौनपुर(आरएनएस)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा कायस्थ कानक्लैव का आयोजन दिल्ली एनसीआर में 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक बैठक जिला उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव के आवास पर सम्पन हुई। अध्ययता जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने संचालन अनुराग श्रीवास्तव ने किया। बैठक को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि जौनपुर से दर्जनों लोग 27 सितंबर को दिल्ली जायेंगे। कायस्थ महासभा इस बार भी चित्रगुप्त पूजन पर सभी चित्रगुप्त मंदिरों में श्रृंगार शोभायात्रा पूजन आदि कार्यकृम करती रहेगी और जहां जहां आयोजन होगा सामिल होगे। कहा कि कायस्थ समाज द्वारा क्रार्यक्रम में किसी भी प्रकार का चंदा वसूली नही किया जायेगा जो भी क्रार्यक्रम होगा सभी पदाधिकारी आपसी सहयोग से करेंगे। राष्ट्रीय सचिन राकेश श्रीवास्तव साधु ने कहा कि सामाजिक संगठन को चंदा प्रथा से दूर रहना चाहिए हर संगठन में दर्जनों पदाधिकारियों के सहयोग से बड़ा से बड़ा क्रार्यक्रम किया जा सकता है। प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ परिवार को चंदा प्रथा बंद करने की जरूरत है क्योंकि कोई भी कार्यक्रम के आयोजक अपना एक रुपए भी नही देते है और आम कायस्थों के रुपए से कार्यक्रम कर अपना नाम रोशन करते है। मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि चंदे के रुपए का बहुत दुरुप्रयोग किया जाता है इससे बचना चाहिए। सन्तोष श्रीवास्तव, चंद्रमोहन श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव गिरिजेश श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया, अमित श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव दीपक श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव अजय वर्मा, उमेश श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव सलिल श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव प्रशांत श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव दया शंकर श्रीवास्तव सन्तोष निगम महेश श्रीवास्तव कुंवर अस्थाना आदि लोग मौजूद रहे।

नेहा को पत्नी बताता था राजेंद्र, कर चुका था शादी

प्रयागराज में पिता बोला- दोनों को मारकर लटकाया गया, उसकी वजह से जेल गया था

प्रयागराज। प्रयागराज में युवक और युवती की लाश फंदे से लटकी मिली। युवक के पिता का आरोप है कि दोनों को मारकर लटकाया गया है। इस आरोप के बाद पुलिस जिसे सुसाइड केस मानकर चल रही थी। अब उसकी बारीकी से जांच कर रही है।

तीन डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराने का आदेश है। ऐसे में सुबह से शाम हो गई। लेकिन, शवों का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। पुलिस के सामने तीन सवाल हैं।

पहला– क्या दोनों की हत्या की गई?

दूसरा– क्या युवक ने युवती की हत्या की, उसके बाद उसकी बॉडी फंदे पर लटकाई और फिर खुद सुसाइड किया?

तीसरा– क्या दोनों सुसाइड किया है?

इन तीन सवालों के बीच 24 घंटे से केस अनसॉल्व है। पुलिस का मानना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से तीनों सवालों के जवाब मिल सकते हैं। युवक के पिता का कहना है कि जमीन लिखवाने के लिए धमकी दी जा रही थी। इसके बाद हत्या कर दी गई।

इसके अलावा युवक के जेल जाने के बाद अवैध संबंध को लेकर एक कहानी सामने आई है। पुलिस सभी एंगलों पर जांच कर रही है।

राजेंद्र के पिता लगाए आरोप, दी तहरीर

मृतक राजेंद्र के पिता प्रभुनाथ ने शिवकुटी पुलिस को तहरीर दी है कि उनके बेटे भगवानदीन उर्फ राजेंद्र

कुमार की हत्या की गई है। उनका कहना है कि राजेंद्र अपनी पत्नी नेहा के साथ ससुराल मेंहदौरी कॉलोनी आया था। ससुराल वालों की मिलीभगत से एक अन्य युवक जो इस पूरे मामले में सबसे अहम है। उसने साजिश के तहत बेटे–बहू की हत्या कर दी। उन्हें फांसी पर जबरन लटकाया गया।प्रभुनाथ का आरोप है कि एक युवक घर आकर धमकी देता था। वह राजेंद्र के ससुराल वालों से जुड़ा है। उसका कहना था कि पांच बिस्वा जमीन लिख दो, नहीं तो बेटा भगवानदास जेल से छूटेगा तो जान से मार डालेंगे।

राजेंद्र पर जब पास्को एक्ट का केस हुआ था तो यही युवक सबसे आगे था। राजेंद्र के पिता का कहना है कि जेल में रहने के दौरान वह धमकी देकर धीरे–धीरे तीन लाख रुपए वसूल चुका है। वह धमका रहा था कि पांच बिस्वा जमीन और पांच लाख रुपए दे दो तो मुकदमें में सुलह करा देंगे। रकम न देने पर उसकी हत्या की गई है।

जेल से छूटा और प्रेमिका के साथ रहने लगा

मेंहदौरी स्थित ससुराल में फंदे से लटकता मिला राजेंद्र उर्फ भगवान दास कुछ माह पहले ही जेल से छूटा था। वह नेहा के प्यार में ही जेल गया था। उस पर पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। अभी भी उस मामले में अदालत में सुनवाई चल रही थी।

राजेंद्र के भाई अरविंद का कहना है कि 2021 में नेहा उर्फ लक्ष्मी नाबालिग थी, तो राजेंद्र उसे भगा ले गया था। इस पर नवाबगंज थाने में उसके खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ था। तीन साल तक जेल में रहने के बाद कुछ माह पहले बाहर आया। बाहर आने के बाद वे दोनों एक दूसरे के साथ पति–पत्नी की तरह रहने लगे। चर्चा रही की दोनों ने मंदिर शादी भी कर ली थी। पहले तो दोनों के घरवाले नाराज रहे लेकिन बाद में मान गए। लेकिन नेहा अधिकतर अपने मायके में रहती थी।

राजेंद्र के भाई ने क्या बताया

राजेंद्र के भाई अरविंद का आरोप है कि नवाबगंज में उसके एक भाई का ससुराल है। वहीं पर नेहा की मौसी का घर है। यहीं आने–जाने के दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी। तीन साल पहले नेहा नाबालिग थी, तब राजेंद्र उसे भगा ले गया था। इस पर उसके खिलाफ केस दर्ज हुआ और जेल गया। लेकिन इसके बाद भी दोनों एक दूसरे के साथ रहने को तैयार रहे। यही वजह रही कि जेल से छूटने के बाद राजेंद्र ने उससे प्रेम विवाह कर लिया।

शादी के बाद भी नेहा अधिकतर अपने मायके में रहती थी। वह कभी कभी ससुराल आती थी। रविवार शाम को दोनों आए थे। सोमवार शाम पांच बजे ससुराल से फोन आने के बाद राजेंद्र ने घरवालों को बताकर नेहा को लेकर यहां आया था। सुबह भी नेहा और राजेंद्र से कुछ मिनट की बात हुई थी। लेकिन कुछ देर बाद उनके खुदकुशी की खबर मिली जो कि शक पैदा करती है। पुलिस के मुताबिक नवाबगंज दर्ज मुकदमे की बात भी पूछताछ में पता चली है लेकिन बाद में दोनों पक्षों से सुलह कर ली और पति–पत्नी की तरह रहने लगे।

जानिए क्या है पूरा घटनाक्रम

प्रयागराज में युवक–युवती एक ही कमरे में फंदे से लटके मिले। फांसी लगने से दोनों की मौत हो गई। दोनों लिव–इन रिलेशनशिप में साथ रहते थे। घरवालों का कहना है कि घर से भागने के बाद युवक के खिलाफ पास्को एक्ट में केस दर्ज हुआ था। वह जेल गया फिर जमानत पर आने के बाद दोनों साथ रहने लगे। दोनों का शव एक ही कमरें में रस्सी के सहारे लटका मिला।

बताते हैं कि रात में युवक–युवती के बीच विवाद हुआ था। आशंका यह भी है कि युवक ने पहले हत्या कर युवती को फंदे से लटका दिया फिर खुद फांसी लगा ली। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी।

खबर पाकर पुलिस अधिकारी पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है। कमरे में सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना का कारण परिवार वाले भी नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस पूछताछ कर रही है।

घटना शहर के शिवकुटी थाना क्षेत्र के मेंहदौरी इलाके में काशी राम आवास योजना की है। 30 साल के राजेंद्र उर्फ भगवान दास और उसकी पत्नी 20 साल की लक्ष्मी उर्फ नेहा के शव फंदे से लटके मिले हैं।

बेटी से ऐसी दरिंदगी की...आखिरी बार चेहरा नहीं देख सकी

प्रयागराज। श्घर के इस कमरे में बेटी सबसे ज्यादा वक्त बिताती थी। स्कूल से आने के बाद यहीं खेलती। वो देख रहे हैं न..., उसका बैग टंगा है खूंटी पर। बेटी के मरने के बाद इसे छूने की हिम्मत कोई जुटा नहीं पाया। मैं सोचकर कांप जाती हूं। कैसी दरिंदगी कर डाली...। चेहरा ऐसा कुचला कि आखिरी बार अपनी बेटी को देख तक नहीं पाई।श ये कहते हुए मां रोने लगती हैं...। कुछ देर के लिए कमरे में सन्नाटा रहा। हमने पूछा– बेटी महज 10 साल की थी। रेप हुआ। हत्या कर दी गई। अब आप किस तरह लड़ाई लड़ेंगे? मां कहती हैं– कानून पर भरोसा है, हत्यारों को खोजकर पुलिस एनकाउंटर करेगी। इतना कहने के बाद फिर एक दीवार की तरफ इशारा करते हुए कहती हैं, वो उसकी स्कूल ड्रेस हैं। उसके पापा बीमार रहते हैं, उनकी तकलीफ देखकर कहती थी कि डॉक्टर बनेगी। हम लोग उसकी मासूम बातों पर हंस देते थे। नहीं पता था कि बेटी हमें छोड़ जाएगी। जिस तरह से मेरी बच्ची को मारा गया है, उसी तरह उन दरिंदों को भी मारा जाना चाहिए। प्रयागराज में 3 अक्टूबर को 10 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई। 16 घंटे से वह लापता थी। अगले दिन शुक्रवार यानी 4 अक्टूबर की सुबह 10 बजे घर से 200 मीटर दूर धान के खेत में शव मिला। शरीर पर कपड़े नहीं थे। गांव वालों ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई, जिसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी हुई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। पुलिस ने ब्ज्ट देखे, मगर कोई संदिग्ध व्यक्ति नहीं दिखा। मां ने कहा– मेरे पति की कूल्हे की हड्ड्डी टूटी हुई है, डेढ़ साल पहले हादसा हो गया था। 2 बार ऑपरेशन हो चुका है। मगर, अभी तक बिस्तर से उठ नहीं पाते हैं। हर दिन इंजेक्शन लगते हैं। उस दिन भी मैं अपनी बेटी को लेकर बाजार गई थी। इंजेक्शन जरूरी था, इसलिए बेटी के हाथ भिजवा दिया। मैंने बेटी से कहा था कि तुम इंजेक्शन लेकर पापा के पास चलो, मैं सब्जी लेकर आती हूं। वह खेत के रास्ते सीधे घर पहुंची। पापा को इंजेक्शन लगवाने के बाद बचे हुई सिरिंज लेकर वह फिर बाजार की तरफ लौट पड़ी। क्योंकि हमारे घर में फ्रिज नहीं है। बचे हुए इंजेक्शन को फ्रिज में ही रखना था। रास्ते में स्कूल के पास बेटी हमसे मिली, तब हमने कहा– इंजेक्शन रखकर जल्दी घर आ जाओ। यह कहकर मैं घर लौट आई, मगर वह उस रात घर नहीं आई। हम घबराए हुए रात में वहां पहुंचे, जहां इंजेक्शन रखवाने वो गई थी। हमें बताया गया कि वह तो तुरंत ही लौट गई। हम समझ गए कि कुछ तो अनहोनी हुई है। इसके बाद हम लोग खेतों में बेटी को खोजते रहे। सुबह घर से कुछ ही दूर पर धान के खेत में कुछ लोग खड़े दिखे। हम वहां पहुंचे। दिल दहल गया। मेरी बच्ची के चेहरे को ईंट से इतना कुचला गया था कि उसका चेहरा देखने लायक नहीं बचा था। दांत तक तोड़ दिए गए थे, सिर में बहुत चोटें थीं। वो मंजर मेरी आंखों के सामने से हटता नहीं। अब हमने गांव के लोगों की तरफ रुख किया।

देश की कामयाबी में भागीदार बनने का सुनहरा अवसर

"एक स्टेशन एक उत्पाद" योजना का विशिष्ट आयोजन

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के बजट में एक स्टेशन एक उत्पाद योजना की घोषणा की गई थी। इस योजना में भारतीय रेलवे के समस्त स्टेशन पर Vocal for Local Vision के तहत स्थानीय उत्पाद को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीति सं0 12 of 2022 दि0 20.05.2022, 15 of 2022 दि0 10.08.2022, 18 of 2022 दि0 20.09.2022, 09 of 2023 दि0 24.05.2023 एवं 29.09.2023 के अंतर्गत स्थानीय व्यक्तियों, स्वयं सेवी संस्था, स्वयं सेवी समूह, एनजीओ आदि को स्टाल एवं ट्राली उपलब्ध कराना है। उत्तर मध्य रेलवे भी इस योजना के तहत निम्न स्टेशनों पर स्टाल/कीओस्क के माध्यम से विक्रय/सहप्रचार केंद्र की सुविधा उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित है।

स्टेशनों की सूची

अलीगढ़, कानपुर, अनवरगंज, कानपुर सेंट्रल, हाथरस, फफूंद, इटावा, शिकोहाबाद, मैनपुरी, झींझक, भोगांव, रूरा, पनकीधाम, मानिकपुर, शंकरगढ़, फतेहपुर, अछल्दा, भरथना, गोविंदपुरी, विंध्यांचल, सोमना, खागा, सिराथू, वैर, मंडराक, दनकौर, मारीपथ, अजायबपुर, सोनभद्र, खुर्जा, मिरजापुर, चुनार, दादरी, चोला, डांवर रेलवे स्टेशन।

योजना की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं:-

1. इस योजना के अंतर्गत रेलवे प्रशासन नामित स्टेशनों पर स्वतः स्टाल/ट्राली बनवाकर उपलब्ध कराएगी।
2. पंजीकरण शुल्क एवं स्टाल/कीओस्क की अवधि न्यूनतम 15 दिन (पंजीकरण शुल्क 1000/500/-) व अधिकतम 03 माह (पंजीकरण शुल्क 6000/3000) है।
3. अधिकतम 02 सेल्स मैन (प्लेटफार्म कैंडर सहित) प्रत्येक स्टाल प्रत्येक शिफ्ट में कार्य हेतु अधिकृत होंगे।
4. विद्युत प्रभार उपभोग के आधार पर लिया जाएगा जैसा की नीति सं. 09 ऑफ 2023 दि0 24.05.2023 में निर्देशित है।
5. प्रभावी टैक्स की देनदारी आवंटी की होगी, इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।
6. इस स्टाल पर स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, हैंडलूम, स्थानीय कृषि उत्पाद, स्थानीय कारीगरी, संशाधित एवं अर्ध संशाधित खाद्य पदार्थ, परंपरागत परिधान, लकड़ी अथवा मिट्टी से बनी वस्तुए, खिलौने व ऐसी वस्तुए जो हमारे स्टेशन स्टाल पर विक्रय न किये जाते हो आदि का विक्रय किया जा सकता है।

इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं स्वयं सेवी संस्था, स्वयं सेवी समूह, एनजीओ अपना आवेदन अहर्क दस्तावेज/प्रमाण पत्र के साथ स्टेशन अधीक्षक, अलीगढ़, कानपुर, अनवरगंज, कानपुर सेंट्रल, हाथरस, फफूंद, इटावा, शिकोहाबाद, मैनपुरी, झींझक, भोगांव, रूरा, पनकीधाम, मानिकपुर, शंकरगढ़, फतेहपुर, अछल्दा, भरथना, गोविंदपुरी, विंध्यांचल, सोमना, खागा, सिराथू, वैर, मंडराक, दनकौर, मारीपथ, अजायबपुर, सोनभद्र, खुर्जा, मिरजापुर, चुनार, दादरी, चोला, डांवर रेलवे स्टेशन।

उ0म0रे0 के कार्यालय में दि0 15.10.2024 तक अवश्य प्रस्तुत करें/जमा करें। किसी प्रकार की सहायता/जानकारी (Guidance) के लिए खण्ड के वाणिज्य निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं

क्रम	स्टेशन	इस योजना से सम्बंधित किसी भी जानकारी हेतु निम्नलिखित खण्ड वाणिज्य निरीक्षक से संपर्क कर सकते है	दूरभाष नं0
1	अलीगढ़ एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री संजय शुक्ला	9794837282
2	इटावा एवं फफूंद एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री नरेश मीना	9794837323
3	मिर्ज़ापुर एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री एस0 के0 अकेला	9794837290
4	टूंडला एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री मनोज कुमार	9794837321
5	फतेहपुर एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री महेंद्र गुप्ता	9794837286
6	खुर्जा एवं दादरी एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री हनुमान मीना	9794837324
7	चुनार एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन	श्री राजेश कुमार	9794837292

- इस योजना से सम्बंधित अन्य कोई जानकारी हेतु श्री पंकज कुमार रजक, वाणिज्य निरीक्षक/एनएफआर, मंडल कार्यालय, प्रयागराज (मो.नं. 7525001455) एवं ई मेल- cmialddiv@gmail.com से संपर्क कर सकते हैं।

नोट : OSOP में प्रतिभागियों का चयन इस बात को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है कि इस योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों तक पहुँचना है। इस योजना में निम्नलिखित को प्राथमिकता दी जाएगी :

- विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगर/बुनकर, आई डी कार्ड धारक।
- भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (TRIFED)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (NHDC)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) आदि में नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/ बुनकर/शिल्पकार।
- पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
- समाज में आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग।

नोट : खाद्य पदार्थ (उत्पाद) की स्थिति में आवेदक के पास में वैध फूड लाइसेंस (FSSAI) होना अनिवार्य है।

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान
1776/24 (ADM)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

बुलंदशहर की बच्ची को मिलेगा 23. 69 लाख मुआवजा

हाईकोर्ट का आदेश- आगरा से बुलंदशहर जाते वक्त कार ट्रक से टकराई थी, अपंग हो गई बच्ची

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कार व ट्रक की भिड़ंत में 75 प्रतिशत अपंग हो चुकी ढाई साल की बच्ची को बतौर मुआवजा 23 लाख 69 हजार 971 रुपये इन्श्योरेन्स कंपनी को देने का निर्देश दिया है। यह मुआवजा ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को बच्ची को देना है। जिस ट्रक से एक्सिडेंट हुआ था उसका इन्श्योरेन्स ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी ने किया था। यह आदेश जस्टिस वीसी दीक्षित ने बुलंदशहर की बच्ची कुमारी चीनू की तरफ से बतौर गार्जियन उसकी मां द्वारा दाखिल अपील पर दिया। एक्सिडेंट की घटना 22 अगस्त 2005 की है। बच्ची अपने माता–पिता के साथ मारुति कार से आगरा से बुलंदशहर के रास्ते जा रही थी तभी कार की ट्रक से आमने–सामने भिड़ंत हो गई थी। पहले 2 लाख 17 हजार 715 रुपये मुआवजा पर राजी हुए इस दुर्घटना में बच्ची 75 प्रतिशत अपंग हो गई। बुलंदशहर में क्लेम दाखिल किया गया था, परन्तु कोर्ट ने दोनों गाड़ियों की गलती मानते हुए बच्ची को 2 लाख 17 हजार 715 रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया था। इस आदेश के खिलाफ मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए बच्ची की तरफ से हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई थी। अधिवक्ता एस डी ओझा का कहना था कि क्लेम ट्रिब्यूनल ने दोनों वाहन चालकों को योगदाई उपेक्षा (कन्ट्रिब्यूटरी नेग्लिजेन्श) का दोषी ठहराते हुए मुआवजे के निर्धारण में गल्ती की है। कहा गया कि इस घटना में योगदाई उपेक्षा नहीं थी, बल्कि गल्ती ट्र्क के ड्राइवर की थी। हाईकोर्ट ने अपील में बच्ची की दुर्घटना में हुई 75 प्रतिशत अपंगता, उसके साथ रहने वाले सहयोगी का चार्ज , भविष्य की इनकम, विवाह खर्च्च आदि पर विचार कर मुआवजा राशि बढा दी है तथा ओरिएंटल इन्श्योरेन्स कंपनी को बच्ची को 23 लाख 69 हजार 971 रुपए देने का निर्देश दिया है।

मुस्लिम चेहरे पर ही दांव, फूलपुर से मुज्तबा सपा उम्मीदवार

कांग्रेस की दावेदारी को झटका, तीन बार एमएलए रहे हैं मुज्तबा

प्रयागराज। प्रयागराज की फूलपुर सीट पर उप चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिया। सपा ने मुस्लिम चेहरे पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी पर ही दांव लगाया है। मुस्लिम–यादव प्रत्याशी से इतर दूसरी जाति का उम्मीदवार उतार वोट खींचने की अटकलों को विराम लग गया।

साथ ही कांग्रेस की फूलपुर सीट पर दावेदारी खत्म हो गई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लगातार फूलपुर में सम्मेलन कर संदेश दे रहे थे कि यह सीट उनके खाते में आएगी।

हालांकि मुज्तबा सिद्दीकी लातार फूलपुर सीट पर प्रचार में जुटे थे। उनके करीबी लोगों का साफ कहना था कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तैयारी के लिए बोल दिया है।

मुज्तबा सिद्दीकी तीन बार विधायक रह चुके हैं। वे 2002 से 2012 तक सोरांव विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। इकसे बाद 2017 में प्रतापपुर विधानसभा सीट से विधायक बने। वर्ष 2022 के चुनाव में वह फूलपुर से चुनाव लड़े लेकिन 2775 वोटों से हार गए थे।

प्रयागराज की फूलपुर सीट प्रदेश की हॉट सीटों में शुमार है। जातीय गणित की वजह से अभी तक भाजपा ने भी यहां से उम्मीदवार नहीं घोषित किया है। बसपा ने फूलपुर सीट से शिव बरन पासी को उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा के प्रवीण पटेल के सांसद बन जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में प्रवीण पटेल सपा के अमरनाथ मौर्या से इस विधानसभा सीट पर पीछे रह गए थे।

फूलपुर सीट पर ओवैसी और पल्लवी पटेल की पीडीएम भी फूलपुर सीट से प्रत्याशी उतारने की तैयारी में हैं। ऐसे में इस सीट पर चुनावी गणित काफी बिगड़ने वाला है।

यूपी की हॉट सीट फूलपुर, सबकी निगाहें

यूपी की हॉट सीटों में शुमार प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। सपा ने यहां से तीन बार के विधायक रहे मुज्तबा सिद्दीकी को मैदान में उतार दिया है।

यहां के उप चुनाव देश की नजरे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ फूलपुर का दौरान कर लौट गए हैं। डिप्टी सीएम केशव मौर्या को यहां का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। मंत्री नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह समेत संघ और भाजपा के बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा इस सीट पर दांव पर होगी। राहुल और अखिलेश भी इस सीट को खास तवज्जो दे रहे हैं।

256 विधानसभा फूलपुर जातिगत आंकड़े

ओबीसी वोटर – 43 प्रतिशत

जनरल – 25 प्रतिशत

मुस्लिम – 15 प्रतिशत

एससी – 18 प्रतिशत

2024 में भाजपा को मिले विधानसभा में मत

फाफामऊ 80160

सोरांव 83376

फूलपुर 89650

पश्चिमी 106414

उत्तरी 91440

भाजपा– 2019 में मिले विधानसभा के मत

फाफामऊ 103503

सोरांव 106088

फूलपुर 110137

उत्तरी 106303

2024 में सपा को मिले विधानसभा के मत

फाफामऊ 88999

सोरांव 96312

फूलपुर 107510

पश्चिमी 91629

उत्तरी 61735

2019 में सपा को मिले विधानसभा के मत

फाफामऊ 78298

सोरांव 88454

फूलपुर 99553

पश्चिमी 59622

उत्तरी 45391

2 लाख 46 हजार 588 वोट विधानसभा 2022 के चुनाव में पड़े थे बीजेपी के प्रवीण पटेल –1 लाख 3 हजार 557 वोट पाए थे। प्रवीण पटेल 2732 वोट से 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। सपा के मुज्तबा सिद्दीकी 1 लाख 825 वोट पाकर दूसरे स्थान पर थे। बीएसपी के रामतौलन यादव 33 हजार 36 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे।

अयोध्या, महाकुंभ, ताजमहल एंटी ड्रोन सिग्नल से लैस होगा

दुश्मन ड्रोन को हवा में ही मार गिराएगा, 9 टेथर्ड ड्रोन भी खरीदे जाएंगे

प्रयागराज। प्रयागराज महाकुंभ मेला के साथ अयोध्या में राम मंदिर, गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ जैसे धार्मिक स्थलों और ताजमहल की सुरक्षा आसमान से ड्रोन परखेंगे। यूपी पुलिस 9 टेथर्ड ड्रोन खरीदने जा रही है। इसके साथ ही इन जगहों को एंटी ड्रोन सिग्नल से लैस किया जाएगा। एंटी ड्रोन सिस्टम ड्रोन हमले को रोकता है।

यह दो तरह से काम करता है, हार्ड किल और सॉफ्ट किल। अगर इसको हार्ड किल कमांड दी जाती है तो यह अपने लेजर बीम के जरिए दुश्मन ड्रोन को हवा में ही मार गिराता है। वहीं, सॉफ्ट किल के तहत दुश्मन ड्रोन को नीचे ला सकता है या फिर लेजर बीम के जरिए उसके जीपीएस और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को खराब कर देता है, जिससे ऑपरेटर से दुश्मन ड्रोन का संपर्क टूट जाता है।

यूपी पुलिस के सुरक्षा मुख्यालय के प्रस्ताव को गृह मंत्रायल ने मंजूर कर लिया है। ड्रोन खरीदने के लिए 4.61 करोड़ रुपए मंजूरी हुए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी शासनादेश के मुताबिक, एक टेथर्ड ड्रोन की कीमत 51.33 लाख रुपए प्रस्तावित की गई है।

क्या होते हैं टेथर्ड ड्रोन

टेथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल सेना बॉर्डर की निगरानी के लिए करती है। आसमान से करीब ढाई किलोमीटर की रेंज की निगरानी की जा सकती है। बैटरी के बजाए इसे जेनसेट से तार या केबल के जरिए जोड़ा जाता है, इसलिए इसकी उड़ान भरते की टाइमिंग अनलिमिटेड होती है। तार के जरिए ग्राउंड स्टेशन से जुड़े होने की वजह से इनमें डेटा ट्रांसमिशन बेहतर तरीके से होता है और पावर सप्लाई में भी रुकावट नहीं आती है।

केबल के जरिए जुड़े होने के चलते इनके क्रैश या हैक होने की आशंका न के बराबर होती है। केबल से बंधे होने के कारण इनका मूवमेंट काफी कम होता है, इसके चलते इन्हें चलाने के लिए पायलट स्किल की बहुत जरूरत नहीं होती है। बेसिक ट्रेनिंग देकर पुलिसकर्मी इन्हें आसानी से ऑपरेट कर सकते हैं।

एंटी ड्रोन सिग्नल से लैस होगा महाकुंभ

महाकुंभ को एंटी ड्रोन सिस्टम से लैस किया जाएगा। सेटअप हो जाने के बाद सिक्योरिटी टीम के अलावा कोई भी ड्रोन हवा में नहीं जाने दिया जाएगा। तकनीक के जरिए ऐसा किया जाएगा। यदि कोई ड्रोन उड़ाने की कोशिश करेगा तो कंट्रोल रूम में रेड सिग्नल आएंगे।

सिस्टम से लोकेशन ट्रेस होगी। पता चलेगा कि कौन–सा ड्रोन है? उसमें क्या है? दूरी कितनी है? किस साइड से हवा में जाने की कोशिश की गई? ये सारा डेटा टीम को पलभर में पता चल जाएगा। महाकुंभ की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि एंटी ड्रोन सिस्टम मांगा गया है। इसके इंतजामों के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता, यह पूरा सेटअप सुरक्षा से जुड़ा है।

भारत के पास क्4 एंटी ड्रोन सिस्टम भारत के पास ड्रोन डिटेक्ट, डिटर एंड डिस्ट्रॉय सिस्टम यानी क्4 ड्रोन है। यह पहला स्वदेशी एंटी ड्रोन सिस्टम है, जिसे क्त्क्ट ने तीन सालों में विकसित किया है। क्त्क्ट के अनुसार, क्4 ड्रोन हवा में 3 किमी की रेडियस में दुश्मन का पता लगाकर 360 डिग्री की कवरेज देता है। दुश्मन का पता लगाने के बाद यह दो तरह से काम करता है, हार्ड किल और सॉफ्ट किल। अगर इसको हार्ड किल कमांड दी जाती है तो यह अपने लेजर बीम के जरिए दुश्मन ड्रोन को नष्ट कर देता है।

सम्पादक
सिद्धनाथ द्विवेदी
प्रबन्धक निदेशक
दीपक जयसवाल
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेलः amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062